मैनेजमेंट भी सीखेंगे डॉक्टर्स, IIM और एम्स ने शुरू किया नया कोर्स

सिटी रिपोर्टर. रायपुर

आईआईएम और एम्स हॉस्पिटल रायपुर ने मिलकर हॉस्पिटल मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव कोर्स शुरू किया है। यह छह महीने का सर्टिफिकेट प्रोग्राम है, जिसमें तीन दिन के दो कैंपस इमर्जन कैप्सूल हैं। यह हेल्थ प्रोफेशनल्स को बेटर हॉस्पिटल मैनेजमेंट का एक्सपीरियंस देगा। यह कोर्स लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। साथ ही सीनियर हॉस्पिटल मैनेजमेंट और एडमिनिस्ट्रेशन को अस्पतालों को कुशलता से चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। एम्स के सीनियर प्रोजेक्ट एसोसिएट डॉ. छबी मतवाल ने बताया कि डॉक्टर्स अपने प्रोफेशन में एक्सपर्ट होते हैं। पर उनके डिग्री कोर्स में मैनेजमेंट की चीजें नहीं पढ़ाई जाती हैं। यह मैनजमेंट कोर्स करने से वे हॉस्पिटल मैनेजमेंट सीखेंगे। और यदि कोई नए हॉस्पिटल खोलना चाहता है तो फाइनेंशियल समेत अन्य चीजें मैनेज कर पाएंगे। क्योंकि इस कोर्स की स्टडी कराने के लिए एम्स और आईआईएम की फैकल्टीज होंगी। कोर्स में एडमिशन लेने के लिए यूजीसी, एआईसीटीई, एमसीआई के साथ एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस डिग्री या मेडिकल प्रैक्टिशनर और प्रशासक के अलावा अन्य स्टूडेंट्स एप्लाई कर सकते हैं।

150 घंटे का लेक्चर शामिल

इस 6 महीने के कोर्स में 150 घंटे का लेक्चर शामिल किया गया है। एडमिशन के लिए फार्म भरने की लास्ट डेट 5 जुलाई तक है। संस्थान ने सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए 20 प्रतिशत की छूट दी है। अबतक करीब 70 लोगों ने एडमिशन लेने के लिए अपने फार्म भर दिए हैं। यह कोर्स वीकेंड शनिवार-रविवार को आनॅलाइन माध्यम से पढ़ाया जाएगा। स्टार्टिंग के तीन दिन और लास्ट के तीन दिन कैंपस में जाना होगा। वहीं 21 जुलाई से कोर्स शुरू कर दिया जाएगा।

स्टूडेंट्स को मिलेंगे यह फायदे

- हेल्थ केयर सिस्टम और मैनेजमेंट का एक्सपीरियंस मिलेगा।
- पार्टिसिपेंट्स को गेस्ट लेक्चर के जरिए साइंटिस्ट्स से इंटरैक्ट करने का मौका मिलेगा।
- मैनेजेरियल लीडरशिप की ट्रेनिंग मिलेगी।
- इंटरडिसिप्लीनरी ओरियंटेशन हेल्थकेयर मैनेजमेंट को डेवलप करना सीखेंगे।

Dainik Bhaskar, 04 July 2023, P.04. Jpg